हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 6 जनवरी 2026

04 चुंगी क्षतिपूर्ति राशि, अन्य नपा के देयकों के भुगतान...



07 इटारसी में कांग्रेस का घंटा प्रदर्शन, विधायक...





## खबर संक्षेप

### आज और कल सभी विद्यालय रहेंगे बंद

**नर्मदापुरम।** शीत ऋतु के दौरान तापमान में अत्यधिक गिरावट को देखते हुए तथा शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की संभावना को देखते हुए जिला अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, नवोदय, सीबीएसई, केन्द्रीय बोर्ड, अनुदान प्राप्त एवं अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 6 से 7 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। इस अवधि में निर्धारित परीक्षाएं एवं अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियां पूर्ववत संचालित की जाएंगी।

### बाढ़ नियंत्रण तटबंधों के निर्माण हेतु राशि जारी

**नर्मदापुरम।** सांसद दर्शन सिंह चौधरी से ई साक्षी पोर्टल पर प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर कलेक्टर सोनिया मीना ने सांसद निधि से एक निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपए की राशि की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद निधि से सिवनी मालवा की ग्राम पंचायत खपरिया में इंद्रावती नदी के घाट पर बाढ़ नियंत्रण तटबंधों का निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपए की राशि की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी की गई है। निर्माण कार्य की नोडल एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी मालवा है।

### सीएमएचओ ने लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिए

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला प्रशिक्षण केन्द्र नर्मदापुरण में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन एवं डीएचओ 2 डॉ सुनीता नागेश की देखरेख में हैल्थ वेलनेस सेन्टर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यस्त नर्सिंग ऑफीसर सीएचओ को परिवार नियोजन के अस्थायी साधन अतरा छाया का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों को लक्ष्य दम्पतियों में बच्चों में अंतर बनाए।

## सर्द भरी हवाओं से गलन भरी ठंड का एहसास

# हिल स्टेशन पचमढ़ी में 'बर्फबारी' जैसा अहसास, पहाड़ों और मैदानी इलाकों में ओस की बूंदें बनी बर्फ, जिले में रही घने कोहरे की चादर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम/पचमढ़ी

सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी सहित जिले में इन दिनों हाड़ कंपा देने वाली ठंड का प्रकोप जारी है। सोमवार सुबह पचमढ़ी के मैदानी इलाकों में नजारा किसी कश्मीर जैसा नजर आया। सूर्योदय के समय खुले मैदानों, घास और होटलों के बाहर खड़ी गाड़ियों की छतों पर सफेद बर्फ की चादर बिछी दिखाई दी। दरअसल, यह रात भर गिरी ओस थी, जो तापमान में भारी गिरावट के कारण जम गई और बर्फ की शक्ल ले ली।



### जिले के तापमान में दिखा उतार चढ़ाव

नर्मदापुरम सहित जिले में सोमवार को सर्दी का असर तेज रहा। इस दौरान नर्मदापुरम में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम तापमान 21 डिग्री रहा। वहीं हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूतम तापमान 5.8 डिग्री और अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

### बीती रात कड़ाके की ठंड में नपाध्यक्ष ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** रविवार देर रात कड़ाके की ठंड में जब सब लोग घर में दुबके हुए थे तब नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा नगरपालिका द्वारा संचालित रैन बसेरों का निरीक्षण कर ही थी। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरों में पुख्ता इंतजाम, प्रतिदिन-सफाई रखने, रूम हीटर जलाने तथा पेयजल की व्यवस्था रखने के केयर टेकर्स को निर्देश दिए। उन्होंने नपा द्वारा जलाए जा रहे अलाव संबंधी जानकारी ली। बस स्टेंड पर स्थित रैन बसेरे के सामने खड़ी बस पर नाराजगी जताई तथा उसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष द्वारा सेठानीघाट स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया गया।



यहां कचरा देख केयर टेकर पर नाराजगी व्यक्त की तथा केयर टेकर अजय गौर से समूचे रैन बसेरा में पेयजल व्यवस्था, शौचालय की उचित साफ सफाई तथा स्वच्छ कंबल परिक्रमावासियों और श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराएं जाने के निर्देश दिए।

## पेयजल टंकियों की साफ सफाई और स्वच्छता का कार्य प्राथमिकता से करें: कमिश्नर

# इंदौर का दूषित जल बना राजनीति का मैदान घंटा बजाकर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

### इंदौर में प्रदूषित पानी से मौत और मंत्री के दिए बनाए पर सोमवार को कांग्रेसियों ने विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

प्रदूषित पानी से इंदौर के भगीरथपुरा क्षेत्र में हुई दर्दनांक घटना से शहरवासी स्तब्ध हैं। दूषित पानी की चर्चा हर जगह मुद्दा बनी हुई है उस पर मंत्री कैलाश वियजवर्गीय के लिए घंटा वाले बयान को लेकर राजनैतिक गलियारों में हलचल तेज है। सोमवार को कांग्रसियों ने सांसद निवास का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने बेरिकेटिंग लगाकर पुख्ता इंतजाम किए थे।



### पुलिसकर्मियों के साथ नोकझोक

पुलिस और कांग्रेसियों में हुई हल्की नोकझोक, घंटी बजा और पोस्टर जलाकर विरोध किया। सांसद के बंगले की दीवार कूदकर घुसने की कोशिश। पुलिस ने किया गिरफ्तार। थाने ले गई। एक स्वर में किया विरोध प्रदर्शन।



### दूषित जल और मंत्री के घंटा वाले बयान पर कांग्रेसियों का गुस्सा, बेरिकेट्स हटाने के किया प्रयास

जिला कांग्रेस के आह्वान पर सोमवार को भारी संख्या में कांग्रेसजनों ने भाजपा सांसद दर्शन सिंह चौधरी के ऑफिस के सामने पैदल मार्च निकाल कर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग की। साथ ही घंटी बजाकर अनूठा प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों में तीखी नोंक-झोंक भी देखने को मिली। ज्ञातव्य हो कि इंदौर में नगर निगम द्वारा सप्लाई किए जा रहे दूषित पानी के पीने से 16 मौत हो गई और काफी लोग अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर भारी संख्या कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन कर कैलाश विजय वर्गीय के इस्तीफे की मांग की और पुलिस द्वारा लगाए बेरीकेट्स तोड़ने की कोशिश की। पूर्व ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष सत्येन्द्र फौजदार नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बाथरे पूर्व ब्लाक अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी नेता प्रतिपक्ष अनोखे राजौरिया अजय सैनी महेश पाण्डेय, के एस राजपूत ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग मलैय्या पूर्व ज़िला महामंत्री गुलाम हैदर कपिल यादव सूरज तिवारी युवक कांग्रेस महासचिव फैजानुल हक यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष गुलाम मुस्तुफा रोहन जैन रिजवान खान संतोष तोमर अजय दुबे विजेंद्र राजपूत रितिक चौहान विक्की आर्य सत्यम तिवारी कुलदीप राठौर अमित खत्री विशाल प्रधान अशोक अहिरवार सलीम खान कुलदीप पटेल मुकुल गुप्ता ऋषि तिवारी मीना वर्मा पुष्प लता जयसवाल ज्योति मालवीय अफराज खान राजेंद्र मिश्रा शेख पप्पू लखन रघुवंशी बबलू राठौर राकेश दुबे प्रताप ठाकुर समेत अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

### कमिश्नर ने पेयजल टंकियों की साफ सफाई के दिए निर्देश

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन को निर्देश दिए की वह पेयजल टंकियों की साफ सफाई एवं स्वच्छता का कार्य प्राथमिकता से कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि कई जगह से यह शिकायत आ रही हैं कि कई दिनों से पेयजल टंकियो की साफ सफाई नहीं हुई है इससे लोगों में असंतोष भी है। कमिश्नर ने पेयजल टंकियो के साथ ही वाटर टैंको की साफ सफाई भी कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर तिवारी ने कहां की शहर की आंतरिक सड़कों की स्थिति भी ठीक नहीं है जगह-जगह से गड्ढे हो रहे हैं।

### 11 केवी हिलव्यूहोम फीडर का किया जाएगा मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

मंगलवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक 11 केवी हिलव्यूहोम फीडर पर मेंटेनेंस किया जाना है। इस कार्य के कारण विद्युत बंद रहने के समयवाधि बढ़ाई जा सकती है। मेंटेनेंस के दौरान साई हेवन सिटी, साई ग्रीन सिटी, हिल व्यू होम, साई सिटी, मारूती नगर, डबल फाटक, सीयाराम नगर, रेवा सिटी, ग्लोबल पार्क, ग्लोबल लेक, विनायक रेसिडेंसी रेवा ब्लू, साई, दर्शन, साई किरण, पिंक एवेन्यू, फेफरताल, हरदा बाईपास आदि क्षेत्र की विद्युत प्रवाह प्रभावित रहेगा।

### निशुल्क स्वास्थ्य, नेत्र शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

स्व विदेश फौजदार की द्वितीय स्मृति में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य और नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 250 मरीजों का परीक्षण किया गया। वहीं दूसरा कार्यक्रम जिला अस्पताल परिसर में आयोजित किया। वहां जरूरतमंदों को सर्दी से बचने के लिए कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन अमन फौजदार द्वारा आयोजित करवाया गया।

## ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास, प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

महिला बाल विकास विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से महिलाओं का एक माह का ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम में प्रारंभ हुआ ।इस प्रशिक्षण कोर्स में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं महिला बाल विकास विभाग नर्मदापुरम द्वारा घरेलू हिंसा से पीड़ित एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं एवं युवतियों का चयन किया गया। सोमवार को इस प्रशिक्षण कोर्स में महिला बाल विकास विभाग नर्मदापुरम की सयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी मैडम ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया तथा उपस्थित



प्रशिक्षणार्थियों को ब्यूटी पार्लर तथा स्वास्थ्य से सम्बन्धित जानकारी दी, महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक अर्चना शुक्ला ने अपने संबोधन में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से नियमित लेने हेतु समझाईश दी।वन स्टाप सेंटर प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी ने महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टाप सेंटर की योजनाओं की जानकारी दी ।आर सी टी समन्वयक श्रीमती खुशबू पराशर ने कार्यक्रम का संचालन किया | इस कार्यक्रम में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षिका रजनी श्रीवास्तव, वन स्टाप सेंटर की केसवर्कर नेहा चण्डालिया, पूजा खरवार, आर से टी असिस्टेंट गौरव चौरे, हरीश चौरे उपस्थित रहे।

## एनएमवी और ओवर ब्रिज के सामने से हटाए टप और ठेले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा एनएमवी कालेज के पास स्थित ओवर ब्रिज तिराहे का जीर्णोद्वार और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। वहां पर बाहर से आए लोगों ने खाली स्थान और चौड़ी सड़क देख अपने टप रखे लिए थे तथा कचरा फैंक रहे थे। सोमवार को उन्हें वहां से हटाया गया। साथ ही दौबारा टप रखे मिलने पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर सड़क मार्ग अवरूद्ध कर व्यवसाय कर रहे लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्हें निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया गया।

## पेंशनर महासंघ का हुआ अधिवेशन, पूर्व शास. कर्मियों ने सरकार पर उपेक्षा का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

शहर के स्वयंवरम गार्डन में सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ का अधिवेशन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि विधायक सीताशरण शर्मा, सुरेश चंद्र बादल नीतू महेन्द्र यादव, वंदना राजौरिया वीरेन्द्र कुमार, शर्मा जिला सचिव जिला भिण्ड,विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अधिवेशन के दौरान केएन मिश्रा को संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया और नरेंद्र तिवारी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

अशोक कुमार सेवक को जिला सचिव नियुक्त किया है। डॉ प्रदीप जैन को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य एलएन शर्मा द्वारा अध्यक्षता की




गई। संचालन राजेश चौरे ने किया। आभार प्रदर्शन जेपी मालवीय प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया। प्रदेश महामंत्री बादल ने सरकार पर पेंशनरों की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्पष्ट रूप लिखा गया है कि सहमति की आवश्यकता नहीं है, मध्यप्रदेश सरकार के वित्त विभाग के पास लेने देने की जानकारी संधारित नहीं है, सरकार के कैबिनेट मंत्रिमंडल द्वारा पारित संकल्प को, क्या सचिवों द्वारा बदला जाएगा। यदि सरकार हमारे संगठन से संवाद नहीं करती है, तो 21 जनवरी को मध्यप्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। फरवरी माह में भोपाल में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## नशे के खिलाफ मैराथन दौड़ के साथ खेल का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिपरिया

पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र में सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य संजीव दुबे, खेल समन्वयक प्रीतम सिंह पुरवइया ने बताया कि खेल मैदान पर एकता क्लब द्वारा राज्य स्तरीय लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई,लेकिन उसके पूर्व विधायक ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल आदि की उपस्थिति में नशे के खिलाफ लगभग 11 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग अनेकानेक ने भाग लिया। इसके बाद लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया राहुल यादव, दूसरा योगेश कुमार, तीसरे स्थान पर मनीष रहे। जिन्हें अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रथम को 11000 रुपए, दूसरे को 5000रुपए और 3000 रुपए नकद पुरस्कार दिया।

## भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाया

# शिव महापुराण में आचार्य पुष्कर परसाई ने बताया, शिव सामान्य सांसारिक जीवन से परे, उन्हें रूप नहीं तत्व चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

श्री राम मंदिर ग्राम दतवासा तहसील डोलरिया में चल रही श्री शिव महा पुराण के पंचम दिवस में डॉ पुष्कर परसाई जी ने बताया भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि यह विवाह केवल दो दिव्य आत्माओं का मिलन नहीं, बल्कि प्रेम, भक्ति और शक्ति का सर्वोच्च संगम था।

आचार्य ने कथा के दौरान बताया कि माता पार्वती पूर्व जन्म में सती के रूप में भगवान शिव की अर्धांगिनी थीं। पुनर्जन्म लेकर वे हिमालय राज के घर पार्वती रूप में अवतरित हुईं, जिसके बाद उनके हृदय में शिव के प्रति वही अटूट प्रेम



पुनः जागृत हो उठा। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए वर्षों तक कठोर तपस्या की। इस दौरान उन्होंने शीत, वर्षा, धूप और एकांत जैसी कठिन परीक्षाओं का सामना किया, लेकिन उनका निश्चय नहीं डिगा। उनकी तपस्या केवल इच्छा नहीं थी, बल्कि शिव को समझने, उनमें लीन होने और शिव तत्व को आत्मसात करने की साधना थी। आचार्य ने आगे बताया कि भगवान शिव ने पार्वती की तपस्या की परीक्षा लेने के लिए सप्तऋषियों को भेजा। ऋषियों ने शिव के वैराग्य, भस्म, जटाओं और गले में सर्प जैसे औघड़ रूप का वर्णन करते हुए समझाया कि शिव सामान्य सांसारिक जीवन से परे हैं। हालांकि, पार्वती का उत्तर अडिग था कि उन्हें रूप नहीं, तत्व चाहिए; संसार नहीं, शिव चाहिए। उनकी इस दृढ़ भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने स्वयं प्रकट होकर उन्हें अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार करने का वचन दिया। विवाह का शुभ दिन आने पर कैलाश से भगवान शिव की बारात अद्भुत स्वरूप में निकली। इसमें नंदी, भूतगण, शिवगण, डमरू और शंख की अलौकिक ध्वनियों ने ब्रह्मांड को आनंदित कर दिया। हिमालय के आंगन में विवाह मंडप सजाया गया।

## रामदास राय बने नए अध्यक्ष सफलता पूर्वक हुआ चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिपरिया

ग्राम पंचायत सिलारी स्थित कलार भवन में कल्चुरी हृहय क्षत्रिय कलार समाज समिति तथा महिला समिति के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें पूर्व अध्यक्ष विनोद कटकबार का कार्यकाल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में अध्यक्ष रामदास राय को बनाया गया है। जिसका प्रस्ताव पूर्व महासचिव अरविंद राय के द्वारा रखा गया था। उपाध्यक्ष रितेश कटक बार सचिव सतीश जायसवाल, कोषाध्यक्ष पवन चोकसे को बनाया गया। समाज महिला मंडल से जया राजीव जायसवाल ने बताया कि अध्यक्ष रेखा जायसवाल को बनाया गया है। उपाध्यक्ष सविता तोमर सचिव प्रीती राय कोषाध्यक्ष अनामिका राय को बनाया गया है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल, संजीव मालवीय, पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार कटक बार , पूर्व महासचिव अरविंद राय, सहित अन्य सभी सामाजिक व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### पाले से फसलों की सुरक्षा के लिए कृषि विभाग ने जारी की सलाह

**बैतूल।** जनवरी माह में शीतलहर का दौर शुरू है। शीतलहर के कारण पौधे की पत्तियां व फूल झुलसते, बाद में झड़ जाते हैं। ऐसे में कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे पाले से फसलों की सुरक्षा एवं सर्तकता के लिए रात्रि में खेत की मेड़ों पर लगभग 6 से 8 स्थानो पर कचरा तथा खरपतवार आदि जलाकर धुंआ करें। यह प्रयोग इस प्रकार किया जाना चाहिए कि धुआं सारे खेत में छा जाए तथा खेत के आसपास का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक आ जाए। धुआं करने से फसल का पाले से बचाव किया जा सकता है। पाले की संभावना होने पर खेत की हल्की सिंचाई कर देना चाहिए। इससे मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है तथा नुकसान की मात्रा कम हो जाती है। सिंचाई बहुत ज्यादा नहीं करनी चाहिए तथा इतनी ही करनी चाहिए जिससे खेत गीला हो जाए। रस्सी का उपयोग भी पाले से काफी सुरक्षा प्रदान करता है। इसके लिए दो व्यक्ति सुबह-सुबह (जितनी जल्दी हो सके) एक लंबी रस्सी को उसके दोनों सिरों से पकड़ कर खेत के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक फसल को हिलाते चलना है। इससे फसल पर रात का जमा पानी गिर जाता है तथा फसल की पाले से सुरक्षा हो जाती है। इसके अतिरिक्त 8 से 10 कि.ग्रा. सल्फर डस्ट प्रति एकड का भुरकाव अथवा वेटेबल या घुलनशील सल्फर 200 ग्राम या ग्लूकोस पाउडर 500 ग्राम बनाकर या प्रति थायो यूरिया 500 ग्राम या पोटेशियम सल्फेट (0:0:50) 200 ग्राम प्रति 200 लीटर पानी में घोल छिडक़ाव करें। साइकोसिल 400 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिडक़ाव करें। जिले में कभी-कभी कही कही पर मावठा गिरने की भी सम्भावना रहती है, जिससे चना फसल में फुल गिरने की समस्या हो सकती है। साथ ही किसान फसलों में कीट व्याधि नियंत्रण का भी विशेष ध्यान रखे।

### 8 मिनट में 200 सवाल हल कर रचा इतिहास

**बैतूल।** जिले के नन्हे गणितज्ञों ने अपनी तेज़ स्मरण शक्ति और अद्भुत एकाग्रता से सबको चौंका दिया। यूसीमास बैतूल की 13वीं मैथ्स चैम्पियनशिप 2026 में 5 से 13 वर्ष के बच्चों ने महज़ 8 मिनट में 200 कठिन सवाल हल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यूसीमास ग्रोवेल अबेकस एकेडमी बैतूल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता 13वीं बैतूल मैथ्स चैम्पीयनशिप 2026 का आयोजन रविवार, 4 जनवरी को केसर बाग, बैतूल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित हुआ जिसमें प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित हुई जिसमें विजुअल कॉम्पीटिशन में उम्र एवं टर्म के अनुसार 8 मिनट में गणित के 200 प्रश्नों को लिखित में हल हरने का लक्ष्य रहा। इसके उपरान्त लिसनिंग कॉम्पीटिशन आयोजित हुई।

### मामला सामने आने के बाद बैतूल नपा ने लिखा पत्र, समायोजित राशि लौटाने की मांग

# चुंगी क्षतिपूर्ति राशि, अन्य नपा के देयकों के भुगतान में हो रही थी समायोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**नगर पालिका परिषद बैतूल की चुंगी क्षतिपूर्ति राशि से अन्य नगर पालिकाओं के बिजली बिलों का समायोजन करने का मामला सामने आया है। पिछले 6-7 महीने या उससे भी अधिक सयम से यह राशि समायोजित हो रही थी। जब यह पूरा मामला सामने आया तो नगरपालिका बैतूल ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है और मामले की जांच की मांग की है।**

दरअसल नगरपालिका को प्रतिमाह चुंगी क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त होती है। यह राशि पिछले कई महीनों से अन्य नगरपालिकाओं के बिजली बिलों में समायोजित की जा रही थी। जिससे नगरपालिका को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बताया जा रहा है कि इस राशि से संबंधित नगरपालिका के विद्युत देयकों की कटौती की जाती है। संचालनालय से नवंबर में बैतूल नगरपालिका को प्राप्त चुंगी क्षतिपुर्ति राशि से 60 लाख 4 हजार 534 रुपए के बिजली बिलों का समायोजन किया गया। जब इस समायोजन का बारीकी से अवलोकन किया, तो पता चला कि इसमें से 4 लाख 80 हजार 208 रुपए नगर पालिका परिषद आमला के उच्चदाब विद्युत कनेक्शन क्रमांक क्रमांक एच 2291038204 से संबंधित पाई गई। इस खुलासे के बाद नगर पालिका परिषद बैतूल ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता बताते हुए विभाग का ध्यान आकर्षित किया है।

#### नियम विपरीत है चुंगी राशि का समायोजन

नगरपालिका बैतूल का कहना है कि चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि संबंधित निकाय के वित्तीय संचालन और नागरिक सुविधाओं के लिए निर्धारित होती है। इस राशि से किसी अन्य नगर पालिका के बिजली देयकों का समायोजन किया जाना न केवल नियमों के विपरीत है, बल्कि इससे बैतूल नगर पालिका की आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पत्र में यह भी आशंका जताई कि ऐसा समायोजन केवल नवंबर में ही नहीं, बल्कि पूर्व महीनों और वर्षो में भी किया गया हो सकता है। इसलिए प्रकरण की गंभीरता इस बात से भी समझी जा सकती है कि चुंगी क्षतिपूर्ति राशि का उपयोग सफाई व्यवस्था, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, कर्मचारियों के वेतन और शहर के विकास कार्यो में किया जाता है। यदि राशि से दूसरे निकायों के देयकों के भुगतान में समायोजन हो रहा है तो इसका असर बैतूल शहर के विकास कार्यो और सुविधाओं पर पडऩा तय है।

#### महीनों से हो रहा था समायोजन

नगरपालिका बैतूल की चुंगी क्षतिपूर्ति राशि अन्य नगरपालिकाओं के बिजली बिलों में समायोजित की जा रही थी। यह सिलसिला 6-7 माह या उससे अधिक समय से जारी था। नपा सीएमओ सतीश मटसेनिया ने बताया कि मामला सामने आने के बाद पिछले 6-7 महीने के रिकार्ड का अवलोकन किया गया तो पाया कि हर महीने इसी तरह चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि समायोजित हो रही थी। जिसके बाद विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए जांच की मांग की है। नपा द्वारा पत्र में स्पष्ट किया गया है कि बैतूल नगर पालिका को मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति राशि का उपयोग नियमों के विपरीत करते हुए दूसरे निकाय के बिजली बिल चुकाने में किया गया, जो वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।

#### राशि लौटाने की मांग

नपा परिषद बैतूल द्वारा संयुक्त संचालक (वित्त), नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल को भेजे गये पत्र के अनुसार संचालनालय द्वारा प्रतिमाह नियम को चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि प्रदान की जाती है। इस राशि से संबंधित नगरपालिका के विद्युत देयको की कटौती की जाती है। नगरपालिका बैतूल ने अपने पत्र में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से मांग की है कि इस पूरे मामले का विस्तृत परीक्षण कराया जाए। साथ ही समायोजित की गई राशि को संबंधित निकाय से वसूल कर बैतूल नगरपालिका परिषद को लौटाया जाए। इसके अलावा पूर्व में यदि इस प्रकार के समायोजन हुए है तो उनकी भी जांच कर वास्तविक वित्तीय नुकसान का आंकलन किया जाए।

#### जांच की मांग की है

चुंगी क्षतिपूर्ति राशि से अन्य नगरपालिकाओं के देयकों के भुगतान का मामला सामने आने पर विभाग को पत्र आपत्ति दर्ज कराई है और जांच की मांग की है। पिछले 6-7 माह से यह राशि अन्य नगरपालिकाओं के देयकों के भुगतान में समायोजित की जा रही थी। जिससे प्रतिमाह बैतूल नगरपालिका को 7 से 8 लाख का नुकसान हो रहा था। विभाग को पत्र लिखकर समायोजित राशि लौटाने की मांग की है।

- सतीश मटतेनिया,
सीएमओ नगरपालिका बैतूल

### कंप्यूटर ऑपरेटर सहित दो पर एफआईआर

# छात्रावासों के बिजली बिलों में 40 लाख का किया गबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावासों के बिजली बिलों में 40 लाख से अधिक के गबन के मामले में सोमवार बैतूल जनपद के एक कर्मचारी समेत दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने कंप्यूटर ऑपरेटर छत्रपाल मर्सकोले और धर्मेंद्र वरकड़े के खिलाफ धारा 420 और 409 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। यह पूरा मामला जनपद पंचायत बैतूल में जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावासों के विद्युत बिल भुगतान से संबंधित है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वर्ष 2021 से 2025 के बीच कार्यालय में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर छत्रपाल मर्सकोले ने आईएफएमआईएस पोर्टल पर डीडीओ लॉगिन का दुरुपयोग किया। ऑपरेटर ने फर्जी वेंडर बनाए और उनके माध्यम से विद्युत विभाग के नाम पर राशि निजी बैंक खातों में स्थानांतरित की। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कई मामलों में दोहरे भुगतान किए गए एक बार वास्तविक विद्युत विभाग के खाते में और दूसरी बार इन फर्जी खातों में। बैंक खातों की पुष्टि से पता चला कि वे विद्युत विभाग से संबंधित नहीं थे, बल्कि स्थानीय व्यक्तियों के थे। इनमें से कुछ खातों में आरोपी ऑपरेटर द्वारा यूपीआई के माध्यम से भी राशि ट्रांसफर की गई थी। प्रशासनिक जांच में आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली। इसके बाद जनपद पंचायत सीईओ शिवानी राय ने रिपोर्ट जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन को भेजी। जांच में कुल 40,04,067 के गबन की पुष्टि हुई, जिसमें से 5.24 लाख सरकारी खाते में वापस जमा कराए जा चुके हैं। इसके पहले घोटाले सामने आने पर दो माह पहले सीईओ जिला पंचायत ने छत्रपाल मर्सकोले (कंप्यूटर ऑपरेटर), नितेन्द्र पांडे (सहायक ग्रेड-3) और वर्षा कमाविसदार (सहायक ग्रेड-2) को निलंबित किया गया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। एसपी वीरेंद्र जैन ने बताया कि प्रकरण की जांच जारी है और इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। उन्होंने कहा कि शासकीय धन जनता की अमानत है और इसके दुरुपयोग में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जांच अधिकारी बसंत आहके ने बताया कि अभी मुख्य आरोपी के साथ दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जांच में अन्य आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने पर नाम जोड़े जाएंगे।

### भीमपुर कॉलेज में सिकल सेल स्क्रीनिंग व रक्त जांच शिविर, विद्यार्थियों ने कराई जांच



**बैतूल।** शासकीय महाविद्यालय भीमपुर में सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. बबीता राय द्वारा माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। यह शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना, क्रीड़ा विभाग एवं स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमपुर से डॉ. कुंवरसिंह आहके, नंदराम सेलुकर, बृजलाल उइके, दया रावत, संतोष यादव, दुशाली कॉमेडे, पारकला नरेकर, सुमंत्री कवडे, रघुवीर उइके एवं विजेश इरपाचे ने सेवाएं दीं।

### रोजाना होगी सुनवाई, दस्तावेज प्रस्तुत कर स्वयं को करा सकते हैं मैप

# नपा में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष हुई नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई

**सारनी।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई नगर पालिका परिषद कार्यालय में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष की गई। यह सुनवाई आगामी 13 जनवरी तक चलेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सूर्यवंशी के निर्देशन एवं निर्वाचक एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आमला विधानसभा 130 शैलेंद्र बडोनिया के मार्गदर्शन में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में सर्वे के उपरांत मतदाताओं की मैपिंग की गई थी। दस्तावेजों के अभाव में कई मतदताओं की मैपिंग नहीं हो सकी। ऐसे नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई हेतु नगर पालिका कार्यालय में विशेष व्यवस्था की गई। नगर पालिका में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सी.के. मेश्राम ने सोमवार 5 जनवरी 2026 को नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई की। तय कार्यक्रम अनुसार आगामी 13 जनवरी तक प्रतिदिन 50 नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई किया जाना है। इस दौरान निर्वाचन सुपरवाईजर नरेंद्र सूर्यवंशी, आरके मरकाम, आरएस सतवंशी, सद्दम अंसारी, प्रवीण आम्रवंशी उपस्थित रहे। अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया ऐसे मतदाता जो नो मैपिंग की श्रेणी में आते हैं वे निर्धारित तिथि में कार्यालय नगर पालिका परिषद सारनी में उपस्थित होकर निम्नानुसार श्रेणियों के आधार पर दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके तहत मतदाता का जन्म 1 जुलाई 1987 के पहले भारत में हुआ हो तो उन्हें जन्म तिथि, स्थान को प्रमाणित करने वाला कोई भी दस्तावेज देना होगा। यदि मतदाता का जन्म 1 जुलाई 1987 और 2 दिसंबर 2004 के बीच भारत में हुआ हो तो उन्हें जन्म तिथि, स्थान को प्रमाणित करने वाला कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। साथ ही पिता या माता के लिए जन्म तिथि और स्थान का दस्जावेत भी साथ में प्रस्तुत करना होगा। यदि मतदाता का जन्म 2 दिसंबर 2004 के बाद भारत में हुआ है तो जन्म तिथि, स्थान, पिता एवं माता के जन्म तिथि स्थान का दस्जावेज प्रस्तुत करना होगा। यदि माता-पिता भारतीय नहीं है तो अपने जन्म के समय उनके वैध पासपोर्ट, वीजा की एक प्रति देना होगा।

#### ये दस्तावेज लाएं

किसी केंद्रीय, राज्य सरकार, पीएसयू के नियमित कर्मचारी, पेंशनभोगी को जारी कोई पहचानपत्र, अथवा पेंशन संदाय आदेश। भारत में 01 जुलाई 1987 से पूर्व सरकार, स्थानीय प्राधिकारियों, बैंकों, डाकघर, एलआईसी, पीएसयू द्वारा जारी कोई पहचान पत्र, प्रमाण पत्र, दस्जावेज, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड, विश्वविद्यालयों द्वारा जारी मैट्रिक, शैक्षिक प्रमाण पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अ.पि.व/अनु. जाति./अनु. जन जाति या अन्य कोई जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, राज्य / स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर, सरकार द्वारा कोई भी भूमि, गृह आवंटन प्रमाण पत्र लागू होंगे।

# सड़क बनी नाली, फूटी पाइप लाइन में घुस रहा गंदा पानी, जिम्मेदार मौन

### नगर परिषद शाहपुर की लापरवाही हुई उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



नगर परिषद की लापरवाही अब सीधे लोगों के स्वास्थ्य पर भारी पडऩे की आशंकाएं है। सुभाष चंद्र बोस वार्ड क्रमांक 5 के बढ़ चौक के पास मुख्य जल-आपूर्ति पाइपलाइन विगत एक माह से फूटी पड़ी है। पाइप लाइन से बहता पानी सडक़ पर बहता है।

सडक़ के दोनों ओर जलभराव हो जाता है और फिसलन के कारण रोज हादसों का खतरा बना हुआ है, लेकिन इससे भी अधिक भयावह सच यह है कि सडक़ किनारे जमा गंदा पानी फटी पाइपलाइन के भीतर प्रवेश कर रहा है और इसी लाइन से घरों तक पेयजल की आपूर्ति जारी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नलों से आने वाला पानी देखने में सामान्य हो सकता है, पर फूटी लाइन के कारण गंदे पानी का पाइप के भीतर जाना तय है। ऐसे में इस पानी के सेवन से बीमार होने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। उल्टी-दस्त, पेट दर्द, बुखार जैसी बीमारियों की आशंका को लेकर लोग डरे हुए हैं। खासतौर पर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार व्यक्ति सबसे अधिक जोखिम में हैं। इसके बावजूद नगर परिषद ने न तो आपूर्ति रोककर वैकल्पिक व्यवस्था की और न ही लाइन की तत्काल मरम्मत कराई।

चौंकाने वाली बात यह है कि हाल ही में इंदौर में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौत की घटनाओं ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। उसके बाद भी शाहपुर में जिम्मेदारों ने चेतावनी को अनसुना कर दिया। वार्डवासियों का आरोप है कि शिकायतें देने के बावजूद नगर परिषद अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। न मरम्मत दल मौके पर पहुंचा, न सप्लाई लाइन की तकनीकी जांच कराया गया और न ही टैंकरों से सुरक्षित पानी उपलब्ध कराया गया। फूटी पाइपलाइन से जहां रोजाना हजारों लीटर शुद्ध पानी बर्बाद हो रहा है, वहीं जलभराव से मच्छरों का प्रकोप बढऩे का खतरा भी पैदा हो गया है। डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों की आशंका के बीच सडक़ पर फैलता पानी दुर्घटनाओं को भी न्योता दे रहा है। यह स्थिति अब तकनीकी खराबी नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता का प्रतीक बन चुकी है। जनता सवाल कर रही है ,जब पेयजल की शुद्धता पर सीधा खतरा है, तो नगर परिषद अध्यक्ष और सीएमओ किस हादसे का इंतजार कर रहे हैं? यदि इस लापरवाही के चलते कोई बीमार पड़ता है या जनहानि होती है, तो इसकी सीधी जिम्मेदारी नगर परिषद के शीर्ष अधिकारियों पर तय होनी चाहिए।

# नहर से व्यर्थ बह रहा पानी, खेत सूखे

### किसानों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

उड़दन जलाशय के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कल्याणपुर के ग्राम धौल के किसानों ने नहर के सीमेंटीकरण की मांग को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल को आवेदन सौंपा। किसानों ने बताया कि जल संसाधन विभाग कार्यालय द्वारा नहर के सीमेंटीकरण के लिए एक करोड़ 31 लाख रुपए का प्रस्ताव तैयार कर दिया गया था, जिसे बैतूल कलेक्टर कार्यालय से भोपाल स्वीकृति के लिए भेजा गया, किंतु अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। स्वीकृति लंबित रहने से नहर का सीमेंटीकरण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। रबी सीजन में जलाशय से नहर में पानी छोड़े जाने पर कई जगहों से रिसाव होकर पानी बह जाता है, जिससे बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद होता है और किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंच पाता। किसान अपनी समस्या को लेकर कई बार जल संसाधन विभाग के चक्कर लगा चुके हैं और परेशान हैं। किसानों ने प्रदेश अध्यक्ष से मांग की है कि जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट को पत्र भेजकर अनुशंसा करवाई जाए, ताकि शीघ्र बजट स्वीकृति मिलने के बाद नहर के सीमेंटीकरण का निर्माण कार्य प्रारंभ हो सके। आवेदन देने वालों में जनपद सदस्य माधोराव नानकर, गंगाराम झड़बडे, बलराम, रतनलाल झड़बडे, घनश्याम, भीम यादव, श्याम, कन्हैया चौकीकर, रेंगसिंग, हुकुम यादव, रामदयाल, श्रीराम झड़बडे और आनंद शामिल रहे।

### ग्राम रोझड़ा में बुजुर्गों का सम्मान, 51 ब्लैंकेट, गर्म कपड़े बांटे

# अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने मनाया 9वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने 4 जनवरी को अपना 9वां स्थापना दिवस सेवा और संवेदना के साथ मनाया। जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी और उनकी टीम ने ग्राम रोझड़ा के 22 बुजुर्गों का माला पहनाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर संगठन की ओर से 51 ब्लैंकेट, गर्म कपड़े वितरित किए गए तथा बच्चों को बिस्कुट, चॉकलेट और कुरकुरे दिए गए।संगठन की स्थापना 4 जनवरी 2016 को हुई थी और आज मध्य प्रदेश में इसके 54 हजार से अधिक पदाधिकारी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। वहीं बैतूल जिले में करीब 9700 सक्रिय सदस्य संगठन से जुड़े हुए हैं, जो जिले के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी श्याम मदान ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से सेवा करने का अवसर मिलना हम सभी के लिए गौरव की बात है। जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन पीड़ित और जरूरतमंद लोगों की आवाज है। उन्होंने कहा कि संगठन का संकल्प है कि मानव अधिकारों की रक्षा और सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सम्मान पहुंचे। जिला प्रभारी संजय अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अति गरीबी के कारण लोगों को मूलभूत सुख-सुविधाएं नहीं मिल पातीं, ऐसे में संगठन हमेशा ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर जरूरतमंदों को गर्म कपड़े और ब्लैंकेट वितरित करता है। संगठन के जिला महामंत्री राजेश पाटिल ने कहा कि गरीब का दुख हर कोई नहीं समझ सकता, जब तक वह खुद उस पीड़ा से न गुजरे। बुजुर्गों को गर्म कपड़े पाकर जो संतोष मिला, वह संगठन के लिए सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा कि अच्छे कपड़े और व्यवस्थित जीवन हर आम आदमी का अधिकार है और संगठन इसी सोच के साथ कार्य करता है।

### 14 से 16 जनवरी तक ताप्ती महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

**बैतूल।** मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में 14 से 16 जनवरी तक हाई स्कूल मैदान मुलताई में तीन दिवसीय ताप्ती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, नगर पालिका परिषद बैतूल एवं मुलताई के सहयोग से किया जा रहा है। महोत्सव के सभी कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 6.30 बजे से प्रारंभ होंगे। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर 14 जनवरी को मुंबई की प्रसिद्ध कलाकार हिमानी शिवपुरी द्वारा अमृत धारा ताप्ती की समवेत प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद सुरभि चतुर्वेदी एवं साथी कलाकार जयपुर द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति होगी। दूसरे दिन 15 जनवरी को भोपाल के संजय श्रीवास्तव एवं साथी कलाकार सुगम संगीत प्रस्तुत करेंगे।

# केंद्रीय विद्यालय सारनी में विश्व ब्रेल दिवस मनाया गया



**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन, उनकी चुनौतियों एवं ब्रेल लिपि के महत्व से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में विशेष शिक्षक छगन गुर्जर ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ब्रेल लिपि की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध ब्रेल लिपि किट का प्रदर्शन करते हुए बताया कि किस प्रकार दृष्टिबाधित बच्चे ब्रेल लिपि के माध्यम से पढऩे-लिखने का कार्य करते हैं। इस प्रस्तुति ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से प्रभावित किया। श्री गुर्जर ने विद्यार्थियों से नेत्रहीन बच्चों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब सभी वर्गों के प्रति समानता, सम्मान और सहानुभूति का भाव रखा जाए। उन्होंने लुई ब्रेल के जीवन-परिचय, उनके संघर्षपूर्ण जीवन और ब्रेल लिपि के आविष्कार की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में समावेशी शिक्षा, मानवीय मूल्यों तथा सहानुभूति की भावना का विकास करना रहा।

## इटारसी में सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना

इटारसी। शहर की पॉश कॉलोनियों में शुमार कैलाश विहार में चोरों ने एक बार फिर पुलिस गश्त को धता बताते हुए बड़ी सेंधमारी की है। ग्राम पंचायत केसला में पदस्थ एडीओजगदीशप्रसाद दामड़े के सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात बदमाशों ने करीब एक लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। भोपाल प्रवास का फायदा उठायामिली जानकारी के अनुसार, 55 वर्षीय जगदीशप्रसाद अपने परिवार के साथ जमानी रोड स्थित आवास में रहते हैं। वे पिछले दो दिनों से निजी कार्य से भोपाल गए हुए थे। इसी गोल्डन चांस की तलाश में बैठे चोरों ने घर का मुख्य ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अलमारी में रखे इस्तेमाली जेवर व 35 हजार रुपए नगद समेट लिए।एफआईआर दर्जचोरी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके का मुआयना किया। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस फिलहाल आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों का सुराग मिल सके।

### घेराव में पुलिस बेरिकेड्स बने ढाल, ऊपर चढ़कर कांग्रेसियों ने जमकर बोला हल्ला

# इटारसी में कांग्रेस का घंटा प्रदर्शन, विधायक डॉ शर्मा निवास के समीप की जमकर नारेबाजी

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश के बाद लगातार विरोध प्रदर्शनों का दौर जारी है। इटारसी में भी कांग्रेस ने हुंकार भरी।



### आंदोलन की अगली बिसा का अल्टीमेटम

कांग्रेस ने इसे केवल ट्रेलर बताया है। पदाधिकारियों ने ऐलान किया है कि यदि इस्तीफे नहीं हुए, तो 11 जनवरी को इंदौर में प्रदेश स्तर का विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मयूर जायसवाल, पंकज राठौर, गोल्डी बेस, प्रतीक मालवीय, गज्जू तिवारी, नेहा चावरे, दिलीप गोस्वामी सहित कई पार्षद एवं दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शहर की सड़कों से इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों का मामला अब प्रदेशव्यापी राजनीतिक उबाल ले चुका है। मंगलवार को इटारसी की सड़कों पर हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब कांग्रेसियों ने 'घंटा' बजाकर सोती हुई सरकार को जगाने का शंखनाद किया।

इंदौर घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने यहां विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के निवास का घेराव करने का प्रयास किया।

### बैरिकेड्स पर जंग, जब कूदने लगे प्रदर्शनकारी

दोपहर को सूरजगंज चौराहे से शुरू हुई कांग्रेस की आक्रोश रैली जैसे ही भारतीय स्टेट बैंक चौराहे पर पहुंची, माहौल गरमा गया। पुलिस ने विधायक निवास से काफी पहले मजबूत किलेबंदी कर रखी थी। जोश से भरे प्रदर्शनकारी बैरिकेड्स पर चढ़ गए और अंदर कूदने का असफल प्रयास किया। भारी पुलिस बल और प्रदर्शनकारियों के बीच काफी देर तक धक्का-मुक्की और तीखी नारेबाजी चलती रही। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर ट्रेफिक डायवर्ट कर इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया था।

### विपक्ष का तीखा प्रहार

जिम्मेदार कुर्सी पर, प्यादे सस्पेंडप्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने सरकार पर बचाव की राजनीति करने का आरोप लगाया। नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने कहा, इंदौर में 17 मौतें व्यवस्था की विफलता है। इटारसी में भी पाइपलाइनें जर्जर हैं और टंकियों की सफाई नहीं हुई है। हम सरकार को जगाने आए हैं। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने तंज कसते हुए कहा, नगरीय प्रशासन मंत्री मीडिया के सामने घंटा जैसे शब्दों का प्रयोग कर जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। छोटे कर्मचारियों को सस्पेंड कर बलि का बकरा बनाया जा रहा है, जबकि असल जिम्मेदारी सरकार की है।

पुलिस की चाक-चौबंद घेराबंदी

एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन और टीआई गौरव बुंदेला के नेतृत्व में इटारसी, रामपुर और पथरोटा थाने के बल सहित ट्रैफिक पुलिस ने मोर्चा संभाल रखा था।

एसडीओपी ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था इतनी पुख्ता थी कि प्रदर्शनकारियों को विधायक निवास के नजदीक भी नहीं फटकने दिया गया।

## बाजार में प्रतिबंधित समय पर भारी वाहनों की आवाजाही, कार्रवाई पर उठे प्रश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

निर्धारित समयावधि के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के स्पष्ट आदेश जारी किए गए थे, ताकि सोमवार बाजार के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके बावजूद सोमवार को बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही देखने को मिली, जिससे आदेशों के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रशासनिक सख्ती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

सोमवार बाजार के दिन पहले से ही क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ रहती है। ऐसे में भारी वाहनों का प्रवेश जाम की स्थिति उत्पन्न करता है और पैदल चलने वालों, दोपहिया वाहन चालकों तथा दुकानदारों के लिए असुविधा का कारण बनता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस कारण कई बार यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है, वहीं आपात सेवाओं के लिए रास्ता बनना भी मुश्किल हो जाता है।

नियमों के बावजूद भारी वाहनों की आवाजाही यह दर्शाती है कि या तो निगरानी व्यवस्था कमजोर है या फिर आदेशों को सख्ती से लागू नहीं किया जा रहा।

बाजार जैसे संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में प्रतिबंधों का पालन न होना प्रशासनिक मजबूती और जिम्मेदारी पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर सघन निगरानी रखी जाए, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई हो और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, ताकि शहरवासियों को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बाजार व्यवस्था मिल सके।

## तवा जलाशय के पूजन के साथ किसान जन जागरण यात्रा का हुआ शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान के आह्वान पर आज नर्मदापुरम जिले में किसान जन जागरण यात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तवा जलाशय पर पहुंचकर जल पूजन किया और किसानों की समृद्धि की कामना की। नुक्कड़ सभा से उठाई किसानों की आवाजयात्रा के प्रारंभ में तवानगर के इंदिरा चौक पर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।

सभा में वक्ताओं ने स्थानीय समस्याओं और खेती-किसानी से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह यात्रा गांव-गांव जाकर किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेगी। इन क्षेत्रों से गुजरी यात्रापहले दिन यह यात्रा तवानगर से शुरू होकर चीचा, पिपरिया, जालीखेड़ा, केसला, सहेली, सुखतवा, डॉडीवाड़ा और साधपूरा पहुंची, जहां प्रथम दिन के चरण का समापन हुआ। प्रमुख नेताओं की उपस्थिति कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय, हेमू कश्यप, सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक अध्यक्ष, जनपद सदस्य और महिला कांग्रेस की पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

## बीच बाजार गुंडागर्दी: नपाकर्मी द्वारा हाथ ठेले को हटाने की कार्रवाई में ठेले वाले ने नपाकर्मी को दी गालियां, क्या रस्म अदायगी बनकर रह जाएगी कार्रवाई?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



शहर की सड़कों पर हाथ ठेला लगाकर यातायात व्यवस्था को ठेंगा दिखाने वाले फल विक्रेताओं की दबंगई अब कानून के रक्षकों पर भारी पडऩे लगी है। मंगलवार सुबह 11 बजे तुलसी चौक पर जो मंजर दिखा, उसने प्रशासन के खौफ की पोल खोलकर रख दी। एक फल विक्रेता ने न केवल नगर पालिका कर्मचारी को सरेराह गालियां दीं, बल्कि उसे धमकाते हुए सरकारी काम में खुलेआम बाधा डाली। पुरी घ्रटना का वीडियो वायरल शोसल मीडिया पर जमकर बायरल हुआ।

### नियम बताने पर मिलीं गालियां

अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पालिका की टीम ने जब एक फल विक्रेता को सड़क से ठेला हटाने की हिदायत दी। तो दुकानदार ने सहयोग के बजाय कर्मचारी पर गालियों की बौछार कर दी। बीच चौराहे पर हुई इस बदतमीजी ने नपा के अमले का मनोबल तोड़ दिया है। मौके पर मौजूद नागरिकों का कहना है कि जब वर्दी और सरकारी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुध कौन लेगा?

### तीन विभागों की फुटबॉल बनी व्यवस्था

शहर की बाजार व्यवस्था बिगडऩे के पीछे नगर पालिका, पुलिस और राजस्व विभाग के बीच तालमेल की कमी है। नपा कहती है कि उनके पास सुरक्षा बल नहीं है और अमले के साथ अभद्रता होती है। पुलिस दलील देती है कि उनके पास अन्य महत्वपूर्ण आपराधिक मामले और वीआईपी ड्यूटी है। राजस्व विभाग इसे पूरी तरह से नगर पालिका का स्थानीय मामला बताकर पल्ला झाड़ लेता है। विधायक डॉ. शर्मा की त्रैमासिक बैठकों में दिए गए निर्देश के बाद चले अभियान केवल कुछ दिनों के दिखावटी अभियान तक सीमित रह जाते हैं।

### मंडी में चबूतरे खाली, सड़कों पर कब्जा सियासत

हैरानी की बात यह है कि नपा ने फल और सब्जी विक्रेताओं के लिए बनाए चबूतरे खाली पड़े हैं। थोक विक्रेताओं की शह और पहुंच के दम पर जयस्तंभ चौक, नारियल बाजार, नीमवाड़ा, और एमजीएम चौराहे जैसे प्रमुख स्थानों को इन ठेले वालों ने बंधक बना लिया है। आज की घटना के बाद खड़े होते तीखे सवाल

**क्या होगी एफआईआर:** क्या नगर पालिका अपने कर्मचारी के सम्मान के लिए दुकानदार पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कराएगी?

**क्या टूटेगा साम्राज्य:** थोक फल विक्रेताओं की शह पर चल रहे इस अवैध कब्जे के साम्राज्य को ध्वस्त किया जाएगा?

### कब खत्म होगी रस्म अदायगी

क्या यह कार्रवाई भी अगले दो दिन में ठंडी पड़ जाएगी? व्यापारी और आम नागरिक इस गुंडागर्दी से तंग आ चुके हैं। इस दबंग फल विक्रेता पर कार्रवाई नहीं हुई, तो सरकारी अमले का बाजार में निकलना दूभर हो जाएगा।

## नालियों के नीचे और करीब बिछाई गई नर्मदा जल वितरण लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



नगर में पेयजल आपूर्ति को लेकर इंदौर जैसे गंभीर हालात व मामले सामने आने की आशंका से नागरिक भयभीत हैं। नागरिकों का आरोप है कि सोहागपुर में नर्मदा का बदबूदार जल घरों में पहुंच रहा है, जो जन स्वास्थ्य के प्रतिकूल हो सकता है।

इस स्थिति से संबंधित वीडियो व फोटो विपक्ष सहित आमजनों द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किये जा चुके हैं। जनता से प्राप्त जानकारी अनुसार शहर के कई वार्डों में लंबे समय से नर्मदा के दूषित जल वितरण की शिकायतें मिली हैं। जनता ने पाइपलाइन की जांच कराने के लिए एसडीएम एवं तहसील कार्यालय में आवेदन भी दिये थे, लेकिन अब तक कोई ठोस जांच या कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि वर्तमान में भी नगरवासियों को अच्छा पानी नहीं मिल रहा है। वहीं अंबेडकर वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि मोहन कहार ने भी एक वीडियो साझा करते हुए नगर की जल वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। कहार के अनुसार बदहाल नर्मदा जल वितरण व्यवस्था गंभीर घटना की ओर इशारा कर रही है। घटना घटेगी शायद तब अधिकारी जागेंगे। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते नर्मदा जल एवं पाइपलाइन की गुणवत्ता की जांच नहीं की गई तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। जनता ने इंदौर जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए प्रशासन से सतर्कता बरतने की मांग की है।

## सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के नगर स्थित कार्यालय के सामने कांग्रेसियों ने बजाया 'घंटा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के नगर स्थित कार्यालय एवं निवास का सोमवार को कांग्रेसियों ने सांकेतिक घेराव किया। तथा इंदर में दूषित जल से हुई आमजनों की मृत्यु के मामले में रोष जताया है।

सोहागपुर निवासी युवा कांग्रेस नेता ऋषभ दीक्षित ने प्रेसनोट जारीकर जानकारी दी है कि कांग्रेस की ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटियों के नेताओं ने सोई हुई मप्र सरकार को घंटा बजाकर जगाने के लिए प्रदर्शन किया। दीक्षित के अनुसार इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई 16 निर्दोष नागरिकों की मौत साधारण घटना नहीं है। बल्कि यह घटना प्रशासनिक लापरवाही से की गई निर्दोषों की 'हत्या' है। जब पत्रकार इस पर जवाब मांगते हैं, तो सत्ता के अहंकार में डूबे भाजपा नेता पत्रकार को अपशब्द कहकर अपमानित करते हैं। यह ना केवल लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान है, बल्कि उन पीड़ित परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है, जिन्होंने अपनों को खोया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करी। घेराव दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर सिंह ठाकुर तथा कांग्रेस नगराध्यक्ष प्रशांत जायसवाल के नेतृत्व में पुष्पराज सिंह पटेल, मंगल सिंह रघुवंशी, अभिलाष सिंह चंदेल, आलोक जायसवाल, गजेंद्र सिंह चौधरी, महेश पटेल, राकेश चौधरी, जमील ख़ान, लियाक़त अली, सुरेखा शाह, नीरज चौधरी, इलियास ख़ान, मोहन कहार, अर्पित तिवारी, ऋषभ दीक्षित, भास्कर मांझी, आजाद सिंह पटेल, कार्तिक शर्मा, अंकित पटेल, सचिन श्रोती, प्रखर शर्मा, इरफ़ान ख़ान, प्रतीक तिवारी, उमेश अरसे, राहुल पटेल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

## स्वदेशी के संकल्प के साथ मना पतंजलि संस्थान का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



भारत स्वाभिमान ट्रस्ट और पतंजलि योग समिति जिला नर्मदापुरम ने पतंजलि योग संस्थान का 32 वा स्थापना संत बाबा गोदड़ी वाला धाम में योग शिक्षकों और पदाधिकारियों की उपस्थिति में मनाया।

भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष मोहन गौर ने बताया कि स्थापना दिवस पर विशेष योग-प्राणायाम सत्र का आयोजन हुआ, जिसके पश्चात सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से यज्ञ में आहुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान सत्संग के माध्यम से स्वदेशी की संकल्पना पर प्रकाश डाला गया। संगठन के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि स्वदेशी आंदोलन के विचार को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। योग और आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ समाज का निर्माण किया जाएगा। स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता फैलाई जाएगी। कार्यक्रम का समापन पूर्णाहुति और शांति पाठ के साथ हुआ। इस अवसर पर उदय सिंह राजपूत, रामानुज मौर्य, उत्तम राव आठनेरे, सहित उपस्थित रहे।

## खूनी धागे पर पुलिस का 'कट' एक्शन में इटारसी पुलिस, किराना दुकान पर छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



मकर संक्रांति की खुशियों में चाइनीज मांझा का जहर घोलने वालों के खिलाफ पुलिस ने मोर्चा खोल दिया है। मकर संक्रांति पर चाइनीज मांझे से होने वाली जानलेवा दुर्घटनाओं की आशंका के बाद, पुलिस प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया। इसी कड़ी में इटारसी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मांझा बेचते एक युवक को दबोचा है। बंगाली कॉलोनी में पुलिस की दबिश पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंगाली कॉलोनी स्थित शुभरब किराना स्टोर की आड़ में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। थाना इटारसी की टीम ने घेराबंदी कर दुकान पर आकस्मिक छापा मारा, जहां दुकान संचालक सौरभ हालदार 25 वर्ष को प्रतिबंधित मांझा बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से अवैध चाइनीज मांझा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ धारा 170 बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस अब शहर के अन्य संदिग्ध ठिकानों पर भी पैनी नजर रख रही है।

प्लास्टिक और कांच के मिश्रण से बना यह मांझा इंसानों और पक्षियों के लिए किसी घातक हथियार से कम नहीं है। यह मांझा सूती धागे की तरह टूटता नहीं, जिससे गले या शरीर पर लगने पर यह गहरे घाव कर देता है। आसमान में उड़ते बेजुबान पक्षी अक्सर इसमें फंसकर अपनी जान गंवा देते हैं या अपाहिज हो जाते हैं। मैटेलिक कोटिंग होने के कारण यह बिजली के तारों के संपर्क में आने पर करंट का सुचालक बन जाता है।


**न्यायालय तहसीलदार माखन नगर जिला नर्मदापुरम**

रा.प्र.क्र. 0126 / बी-121/23-24

**मौजा ग्राम समोन**

ललित किशोर आ. रामरतन निवासी ग्राम समोन तहसील माखन नगर.......... आवेदक

विरूद्ध

सर्वसाधरण.................... अनावेदक

**राजस्व मामले में सूचना**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक ललित किशोर आ. रामरतन निवासी ग्राम समोन द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम समोन स्थित भूमि ख.नं. 343/9 रकबा 1.477 हे. भूमि अभिलेख में दर्ज है। जिसका नक्शे पर बटांकन नही है नक्शे पर ख.नं. 343/1 की छाया बनी हुई है। ख.नं. 343/1 में से ख.नं. 343/9 निर्मित हुआ है जिसका नक्शे में बटांकन नहीं है। आवेदकगण का आवेदन पत्र इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्त सम्बंध में आपको सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी प्रकार से कोई हक वो स्वत्व रखते हो-कोई दावा आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 15.01.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है बाद म्याद के प्राप्त दावा आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05.01.2026 को इस न्यायालय की मुद्रा एव मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया । नोटः- नियत दिनांक को अवकाश घोषित होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस पर होगी।

**तहसीलदार**
**माखन नगर जिला नर्मदापुरम**


## मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव

**इटारसी।** मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन हेतु चुनावी बिगुल बज चुका है। 11 जनवरी को विजयासन देवी धर्मशाला सीढ़ी मार्ग, सलकनपुर में मतदान आयोजित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश के साहू एडवोकेट, इटारसी, केंद्रीय पर्यवेक्षक डॉ. सियाराम साहू पूर्व संसदीय सचिव, रायपुर रहेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी साहू ने बताया कि प्रदेश भर के लगभग 1400 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नामांकन तिथि 10 जनवरी है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए एक जिला अध्यक्ष प्रस्तावक और चार जिला अध्यक्षों का समर्थन अनिवार्य है। मप्र तैलिक साहू सभा 1965 से पंजीकृत संस्था है, जो वर्तमान में 50 जिलों में सक्रिय है। यह संस्था अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, नई दिल्ली राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर से संबद्ध है।

### कड़कड़ाती ठंड का असर रोकने खड़ी की 'नेकी की दीवार'

# सोहागपुर के आदिवासी ग्रामों में अमृत सेवा समिति ने वितरित किए गर्म वस्त्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



अमृत सेवा समिति ने सोहागपुर विकासखंड के आदिवासी ग्रामों में 'नेकी की दीवार' अवधारणा अंतर्गत गर्म वस्त्र वितरित किये हैं। गत दिवस समिति सदस्य गांवों में पहुंचे तथा आदिवासियों को वस्त्र वितरित किये हैं।

नेकी की दीवार आयोजन दौरान समिति सदस्यों ने ग्राम उरदौन, टेकापार, घोघरी एवं सेहरा के ग्रामीणजनों को ठंड से बचने के लिए गर्म कंबल, स्वेटर, जैकेट, तथा दैनिक उपयोग के कपड़े वितरित किये हैं। विदित है कि चारों ग्राम सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में है तथा पर्यटन स्थल मढ़ई के नजदीक हैं। यहां मूलरूप से आदिवासी निवासरत हैं जो आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। नेकी की दीवार का आयोजन ग्राम उरदौन के माध्यमिक विद्यालय में किया गया, जहां 25 से अधिक अमृत सेवकों द्वारा 175 कंबल, 150 स्वेटर व लगभग 100 साड़ियों सहित नए कपड़े वितरित किये।

पिपरिया से आए अमृत सेवकों का सहयोग पूर्व नपाध्यक्ष अभिलाष चंदेल, सजल शर्मा, गोलू अग्रवाल एवं राजुल देव दरबार सदस्यों सहित सोहागपुर के पूर्व सैनिक नीलम पटेल, अजय सोनी एवं ग्राम उरदौन माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने किया।

इस दौरान अमृत सेवा समिति से मनोज नागोत्रा, कैलाश बाथरे, पंकज सोनी व अन्य सदस्यों सहित पूर्व सैनिक एसोसिएशन उपाध्यक्ष केशर सिंह चौधरी, बलराम पाटर, जितेंद्र पुर्विया, निरंजन वैष्णव, तुलसीराम अहिरवार उपस्थित रहे। जिन्होंने असहाय बुजुर्गों के घर जाकर कंबल दिए। नेकी की दीवार आयोजित करने पर शाला परिवार एवं ग्रामीणों ने अमृत सेवा समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

आयोजन को सफल बनाने में स्मृति, देवेंद्र चौधरी, डॉ. श्याम माहेश्वरी, प्रदीप आचार्य, संकेत मौर्य, रितेश जैन एवं सौरभ प्रिंस जैन द्वारा सहयोग किया गया।

**जारी रहेगी सेवा:** नेकी की दीवार के माध्यम से जनसेवा का संकल्प आगे भी जारी रहेगा। सेवाभावी जनों से अपील है कि नए कंबल्स स्वेटर्स व अन्य सेवा प्रदान में सहयोग करें। सुखदेव सिंह कालोटी, वरिष्ठ अमृत सेवक, अमृत सेवा समिति।

## सोहागपुर में हिंदू सम्मेलन को भव्य रूप देने की तैयारी, संपन्न हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

हिंदू जागरण के संकल्प के साथ समूचे देश में हिंदू सम्मेलन किये जा रहे हैं व सोहागपुर क्षेत्र में भी हिंदू सम्मेलन होंगे। सम्मेलनों को सोहागपुर में भव्य रूप देने की तैयारी सकल हिंदू समाज कर रहा है। जिसका रविवार शाम सोहागपुर में भूमिपूजन किया गया है।

विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर स्थानीय काली मंदिर परिसर में भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने विराट हिंदी सम्मेलन के बारे में बताया कि माधव बस्ती में 18 जनवरी को समस्त हिंदुओं की उपस्थिति में हिन्दू सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें हजारों की संख्या में मातृशक्ति व पुरुष सम्मिलित होंगे। हिंदू सम्मेलन की कलश यात्रा खेड़ापति मंदिर से निकाली जाएगी। भूमिपूजन के बाद नगर में ध्वज यात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महंत हरिकिशन दास, चौधरी राजेंद्र सिंह, नरेंद्र मिश्रा, भूरेलाल कहार, मुकेश मालवीय, राजेंद्र पालीवाल व्यापारी संघ अध्यक्ष, अभिषेक जैन, हीरालाल गोलानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कमिश्नर ने जनपद पंचायत खिरकिया का किया निरीक्षण

# कार्यालयों में सभी पत्रों सहित आंतरिक व्यवस्थाएं ई-ऑफिस सिस्टम से करें



कार्यालय में लागू ई-ऑफिस सिस्टम का लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सोमवार को नर्मदापुरम् संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने जनपद पंचायत खिरकिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति, ई ऑफिस सिस्टम से किए जा रहे हैं कार्यों एवं ऑफलाइन किया जा रहे कार्यों तथा कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर ने जनपद पंचायत के कार्यालय में तथा तहसील कार्यालय में सभी व्यवस्थाएं ई-ऑफिस सिस्टम से करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि आवक जावक शाखा वाले आने व जाने वाले पत्रों की ई-मार्किंग करके संबंधित अधिकारी तक ऑनलाइन पहुंचाएं। अधिकारी ई ऑफिस सिस्टम से पत्र को ई-मार्किंग करके संबंधित शाखा प्रभारी को ऑनलाइन प्रेषित करें। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए कि वे ई ऑफिस सिस्टम से आने वाले पत्रों को खोलकर अवश्य देखें। प्रतिदिन अपना इनबॉक्स चेक करें। रिमाइंडर पत्र ई-ऑफिस सिस्टम के माध्यम से ही भेजें और प्राप्त करें। कमिश्नर ने इस दौरान जनपद पंचायत कार्यालय में ई-ऑफिस सिस्टम से किए जा रहे कार्यों का बारीकी से फीडबैक लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अप्रशिक्षित कर्मचारियों को ई-ऑफिस सिस्टम का प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कर्मचारियों को ई-ऑफिस के कुछ विकल्पों की ट्रेनिंग भी दी गई।

#### महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट देखी

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर तिवारी ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट देखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और सभी कार्य समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। साथ ही कहा कि निर्माण कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण भी करें। कार्यालय में 30 कर्मचारी पदस्थ हैं। इस दौरान 2 कर्मचारी 10:30 बजे व 10:57 की उपस्थिति दर्ज पाई गई। कमिश्नर ने ऐसे कर्मचारी जो रोज रोज लेट आते हैं, उन्हें शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये और कहा कि यदि कोई कर्मचारी और अधिकारी फील्ड में रहता है तो वो अपनी अटेंडेंस सार्थक एप के माध्यम से लगाए। कमिश्नर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि कर्मचारियों के मध्य कार्य विभाजन आदेश जारी करें। स्थापना शाखा को तीन भागों में बांटे। पहली शाखा रेगुलर कर्मचारियों की रहे, दूसरी संविदा या मनरेगा के कर्मचारियों की तथा तीसरी सचिवों एवं रोजगार सहायकों की रहे।

#### कर्मचारियों से क्वार्टर खाली करवाने का कहा

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर तिवारी ने नये जनपद भवन का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करने और जिन कर्मचारियों ने क्वार्टर खाली नहीं किए उनसे क्वार्टर खाली करवाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, चल अचल सम्पत्ति विवरण, गोपनीय प्रतिवेदन सहित अन्य पंजियां भी देखीं। इस दौरान उन्होने सभी लंबित कार्यों को एक माह में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित स्थापना शाखा प्रभारी को दिए गये। उन्होने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समय-समय पर इन कार्यों का निरीक्षण करने तथा फील्ड पर जाकर कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिये।

### समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक ली

# एसडीएम पानी की टंकियों की सफाई देखें नपा अधिकारियों से प्रमाण-पत्र लें: कलेक्टर



**हरदा**। इन्दौर की घटना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने पेयजल कार्य से जुड़े विभागों के अधिकारियों को पेयजल से संबंधित प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता से निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होने जिले के अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे पेयजल भण्डारण टंकियों की सफाई देखें। सभी टंकियों की सफाई हो गई है, इस आशय का प्रमाण-पत्र संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्राप्त करें। उन्होने कहा यह सुनिश्चित किया जाए कि पेयजल पाइप लाइन से सीवर पाइप लाइनें दूर रहें। जहाँ आसपास दोनों लाइन है, उनके अलग करने के प्रस्ताव तैयार किये जायें। जिले के सभी नगर पालिका अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पेयजल पाइप लाइन में कहीं से भी गंदे पानी के प्रवेश की गुंजाईश न हो। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने रबी सीजन के लिये अभी से नरवाई प्रबन्धन के प्रति कृषकों को जागरूक करने के निर्देश दिये। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले में उद्यानिकी विकास की पर्याप्त संभावनाएं है। ज्यादा से ज्यादा किसानों को उद्यानिकी से जोड़ने के लिये उद्यानिकी विभाग पूरी क्रियाशीलता के साथ कार्य करे। बैठक में जिले के निर्माणाधीन मार्गो की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री से कहा कि मसनगांव से सिराली मार्ग निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। कासरनी से सिंगनपुर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के संबंध में विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि सड़क निर्माण के लिये टेंडर आमंत्रित किये जा चुके हैं।

#### महिला एवं बाल विकास अधिकारी को फटकारा

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान पोषण ट्रेकर पर संतोषजनक कार्य नहीं होने के कारण महिला एवं बाल विकास अधिकारी को कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिये गये। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बच्चे स्कूल न छोड़ें, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए। हरदा के घण्टा घर क्षेत्र में हाथ ठेलों के कारण लगने वाले जाम की स्थिति को भी कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए कहा कि यहां यातायात सुव्यवस्थित किया जाए, जाम की स्थिति न बने। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित शिकायतों के निराकरण में प्रदर्शन संतोषजनक न पाये जाने पर विभागीय अधिकारी को नोटिस देने के निर्देश दिये गये। बैठक में राजस्व वसूली पर भी कलेक्टर द्वारा जोर दिया गया। विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्यानुरूप प्रगति लाने के निर्देश दिये गए। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# समारोह पूर्वक मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस, तैयारियों की समीक्षा की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

गणतंत्र दिवस आगामी 26 जनवरी को जिले में समारोह पूर्वक बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति की भावना पर केनद्रित रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने जिला व अधीनस्थ कार्यालयों में ध्वज संहिता का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की व्यवस्था करें।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिये कि नेहरू स्टेडियम में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों और लोकतंत्र रक्षकों का सम्मान शॉल व श्रीफल प्रदान कर किया जाए। उन्होने सभी जिला अधिकारियों से कहा कि वे अपने अधीनस्थ उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के नाम यथा समय आवश्यक रूप से भिजवा दिए जाए। बैठक में उन्होने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की बैठक व्यवस्था, परेड व्यवस्था, पुरस्कार वितरण, पेयजल व्यवस्था, एम्बूलेंस व्यवस्था के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि गणतंत्र दिवस पर स्कूली विद्यार्थियों की प्रभातफेरी आयोजित की जाए। विभागीय अधिकारियों से गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभागीय गतिविधियों व उपलब्धियों का प्रदर्शन करने वाली झांकियां तैयार कराने के लिये भी कहा।

# भगवान के हाथों मृत्यु पाने वाला सीधे मोक्ष पाता: शर्मा



**रहटगांव**। संगीत में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। पंडित दौलतराम शर्मा ने कहा कंस को मोक्ष भगवान कृष्ण के हाथों उसके वध से मिला, क्योंकि भगवान के हाथों मृत्यु पाने वाला सीधे मोक्ष पाता है। श्री कृष्ण ने चाणूर को और बलराम ने मुष्टिक को अपने धाम बैकुण्ठ पहुंचाया। उन्हें निजधाम पहुंचने के पश्चात श्री कृष्ण ने कंस को उसके सिंहासन से उसके केश पकड़ कर उसे घसीटा और उसके भूमि पर गिरते ही श्री कृष्ण ने उसके हृदय पर जोरदार मुक्का मारकर उसके प्राण ले लिए। इस समय श्री कृष्ण की आयु 14-16 वर्ष थी। और रुक्मणि मंगल कथा भगवान कृष्ण और रुक्मिणी के प्रेम विवाह की सुनते हुए कथा में संक्षेप में बताया रुक्मिणी विवाह , विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी ने मन ही मन श्रीकृष्ण को पति मान लिया था, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से तय कर दिया; तब रुक्मिणी ने सुदेव ब्राह्मण के हाथ श्रीकृष्ण को पत्र भेजा और कृष्ण ने शिशुपाल की बारात आने से पहले ही रुक्मिणी का हरण कर लिया, उनसे युद्ध किया और फिर द्वारका ले जाकर उनसे विवाह रचाया, इस प्रकार यह प्रेम विवाह की संक्षिप्त कथा सुने, एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा एवं आरती महाप्रसादी का लाभ लेने पहुंचे।

# हिंदुओं की संगठित शक्ति ही भारत की भाग्य विधाता है: संत सियाराम दास

### पानतलाई हिंदू सम्मेलन में दिखी सामाजिक समरसता



**रहटगांव**। संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम ग्राम हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसका पूरे जिले भर में बहुत अधिक उत्साह दिखाई दे रहा है। इसका उदाहरण पानतलाई में हुए हिंदू सम्मेलन में देखने को मिला। जहां दुधकच्छ मंडल के ग्राम फूलडी, दुढ़कच्छ, पानतलाई, छिदगांव तमोली, कालपी, धनगांव, ग्राम के बंधु उपस्थित रहे, पूरे ग्राम को भगवा पताकाओं एवं रंगोली से सजाया गया था। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे पूरा ग्राम अयोध्या ग्राम बन गया हो। इस अवसर पर ग्राम ने भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें श्री राम जानकी दरबार अद्भुत आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में उपस्थित संत सियाराम दास महाराज ने कहा कि शास्त्रों में लिखा है कि हिन्दव : सहोदरः सर्वे: , न हिंदू पतितो भवेत, हिंदू कभी भी पतित नहीं होता। सभी हिंदू ईश्वर की संताने हैं, जन्म अथवा जाति, भाषा प्रांत या काम के आधार पर किसी प्रकार का भेद मनुष्य में नहीं होना चाहिए। सबको संगठित होकर भारत को भव्य बनाना है। मुख्य वक्ता संघ के जिला प्रचारक प्रशांत ने कहा कि पंच परिवर्तन ही समाज परिवर्तन का आधार है। इसको घर घर लेकर जाना होगा, इन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण और स्व का बोध इनके आधार पर भारत विकसित भारत बनेगा। देश उठेगा अपने पैरों निज गौरव के भान से, स्नेह भरा विश्वास उठेगा, जिएंगे सभी सुख सम्मान से, धर्म की जय भी समाज की संगठित शक्ति से ही होगी, इसलिए हमको केवल हिंदुओं को जोड़ने का कार्य करना होगा। कार्यक्रम में दुधकच्छ मंडल के फुदली, पानतलाई, छिदगांव तमोली, कालपी,धनगांव, आलमपुर, नियमयागांव, गाडमोर के ग्रामवासी उपस्थित रहे, कार्यक्रम के प्रारंभ में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया एवं समापन पर भारत माता की आरती एवं वंदे मातरम किया गया।



## सर्द हवा का कहर, जनजीवन पर पड़ा असर

**रहटगांव** । तहसील क्षेत्र में पढ़ रही कड़ाके की ठंड के असर से फटने के लिए व्यापारियों द्वारा जगह-जगह अलाव जलाऐ गए। रहटगांव बाजार में दिखे अनेक अलाव, जिस दौरान व्यापारी विजय गौर, रामबालक गौर, प्रमोद पाटिल द्वारा अपनी अपनी दुकानों के सामने जलाया अखाड़ा और समस्त आने-जाने वाले ने अखाड़े में सेके हाथ ।देर रात पुरा गांव घने कोहरे की सफेद चादर में लिपटा रहा, सुबह से तहसील क्षेत्र कोहरे की घनी धुंध में लिपटा रहा। दोपहर बाद धूप निकली, परंतु हवाओं एवं ठंड का असर तेजी से दिखा।

### अब तक भवन का निर्माण कार्य अधूरा

# नूतन वर्ष में तहसील भवन की सौगात नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



अंततः इस नूतन वर्ष में भी बहुप्रतीक्षित निर्माणाधीन तहसील भवन की सौगात नहीं मिल सकी है। जबकि कलेक्टर भव्या मित्तल ने अप्रैल 2025 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। परन्तु अभी तक नवनिर्मित भवन का हस्तांतरण नहीं हो सका है और एसडीओ (राजस्व) आकांक्षा अग्रवाल भी कार्य-स्थल का निरीक्षण कर चुकी है।

वहीं, ग्रामीणों को नवीन-भवन के लोकार्पण का इंतजार है। गौरतलब है कि कलेक्टर मित्तल ने दिसंबर 25 में राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक में पुनः निर्देश दिए थे। परन्तु करीब एक वर्ष में भी भवन के अधोसंरचना विकास के कार्य पूर्ण नहीं हो सके हैं। इनमें नाली निर्माण, मुख्य गेट के समक्ष कांक्रीटीकरण, खिड़की एवं रोशनदान की मरम्मत आदि कार्य शेष हैं। जबकि इसके पूर्व में कलेक्टर ने फरवरी 25 में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया था।

इस अवसर पर पीआईयू खरगोन के पूर्व जिला परियोजना समन्वयक नरेन्द्रसिंह मंडलोई,एसडीओ पवन डावर और उपयंत्री विजेंद्र भंवर भी उपस्थित थे। विदित रहे कि वित्तीय वर्ष 2022,23 में उक्त कार्य स्वीकृत किया गया था,जिसे सदाशिव कंस्ट्रक्शन ढकलगाँव (सनावद) द्वारा कराया जा रहा है। परन्तु अनुबंध में विलम्ब से 15 जुलाई 2023) से कार्य प्रारम्भ किया गया था और 17 जनवरी 2025 को पूर्ण किया जाना प्रस्तावित था। कलेक्टर मित्तल द्वारा समीक्षा बैठकों में कार्य-प्रगति को लेकर नाराजगी व्यक्त की जा रही थी। बहरहाल,यहां वर्षों से जीर्ण-शीर्ण भवन में तहसील कार्यालय संचालित हो रहा है और वर्षा ऋतु में काफी दिक्कतें होती है। इसलिए भवन निर्माण की लम्बे समय से जरुरत महसूस की जा रही है।

**इनका कहना है**

वे निर्माणाधीन भवन और परिसर का निरीक्षण कर चुकी हैं और एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भवन-हस्तांतरण की कार्रवाई की जावेगी।

आकांक्षा अग्रवाल,
एसडीओ (राजस्व) भीकनगांव

# मांगें मनवाने के लिए बैठे समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ का धरना शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ की रहटगांव इकाई ने सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, यह धरना जारी रहेगा। भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष और रहटगांव तहसील प्रभारी लोकेश गौर ने बताया कि तहसील क्षेत्र में कई सीमांकन लंबित हैं। इसके अलावा, सरकारी जमीनों और गोहों पर भूमाफियाओं का कब्जा है, जिससे सरकारी संस्थाओं के लिए जमीन नहीं मिल पा रही है।

संघ ने इन अतिक्रमणों को हटाने और लंबित आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मोरंड गंजाल संयुक्त परियोजना को शीघ्र शुरू करने की मांग भी की गई है। साथ ही, रहटगांव तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देने, स्थायी रूप से रोवर मशीन उपलब्ध कराने की भी मांग है। संघ की मांगों में सोयाबीन पर भावांतर राशि देना (जो 3500 से नीचे बिक रहा है) और मक्का सहित अन्य कृषि उपज की एमएसपी पर सरकारी खरीद सुनिश्चित करना शामिल है।

उन्होंने यह भी मांग की है कि मंडियों में एमएसपी से नीचे बोली न लगाई जाए। वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 तय हो। मूंग फसल के लिए नहरों में पानी 25 मार्च से छोड़ने और समर्थन मूल्य पर खरीद 25 जून से शुरू करने की भी मांग की गई है। नर्मदापुरम जिले की तर्ज पर हरदा जिले की सभी तहसीलों में धान की खरीदी 18 क्विंटल के मानक स्तर पर करने की मांग की गई है। किसानों के लिए हरदा जिले की सभी तहसीलों को खेत सड़क योजना से जोड़ने की भी मांग की गई है।

### टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में एसआर क्लब टीम ने की जीत दर्ज

# सौरभ ने 26 बिट्टू ने 42 रन की धमाकेदार खेली पारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



स्थानीय पीजी कालेज ग्राउण्ड पर माँ अन्नपूर्णा टेन्ट हाऊस द्वारा कराई जा रही अध्यक्ष चैम्पियन ट्राफी में आज एस.आर. क्लब और कान्हा इलेवन की टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमे दोनो टीमों का टॉस संजय राठौर और पार्षद लोकेन्द्र वर्मा ने कराया और मैच की शुरुआत की एस.आर. क्लब ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 106 रन बनाये। जिसमे सौरभ ने 26 रन और बिट्टू ने 42 रन की धमाकेदार पारी खेली, वहीं लल्ला ने 14 और राज कुशवाह ने 11 रन बनाये, इस तरह कुल 106 रन बनाये और कान्हा इलेवन को 107 का लक्ष्य दिया। जित्तू मम्मू ने विकट, संतोष ने 2 विकेट लिये। लक्ष्य पीछा करते हुए कान्हा इलेवन के जित्तु मम्मु न सबसे ज्यादा 18 रन बनाये और पूरी टीम 64 रन पर सिमट गई। एस.आर.क्लब की ओर से बालिंग करते हुए मयंक और नन्दू ने 1-1 विकेट लिये और शौरभ ने पंजा खोलकर 5 विकेट लिये, वहीं कान्हा इलेवन टीम को चारों खाने चित कर दिया और मैन आफ द मैच बने सौरभ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 26 रन बनाये और बाद में पांच विकिट झटके। सुमित राय की टीम ने 42 रन से जीत हासिल की।

## अवॉर्ड-2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**सीहोर**। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने वर्ष 2025 में ₹बेस्ट कैम्पेन ऑफ वोटर्स, एजुकेशन एण्ड अवेयरनेस" कार्यक्रम चलाने वाले मीडिया संस्थानों के लिये 4 श्रेणियों में पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया श्रेणी में वर्ष 2025 में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्रविष्टियां 7 जनवरी, 2026 तक आमंत्रित की गई हैं।